प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.10.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

गांधी–शास्त्री–श्रद्धांजलि

कृतज्ञ राष्ट्र, आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 155वीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर देश सहित विदेश स्थित भारतीय दूतावासों में कई श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज सुबहः बापू की समाधी, राजघाट पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्म, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कई केंद्रीय मंत्रियों और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधी पर पुष्पांजली अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मु ने अपने संदेश में जनता से सत्य, अहिंसा, प्रेम और पवित्रता के मूल्यों को अपनाने और महात्मा गांधी के सपनों के भारत के विचार को अंगीकार करने के लिए संकल्पित होने का आह्वान किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि महात्मा गांधी ने विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए अभियान चलाये और निरंतर महिला सशक्तीकरण का समर्थन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सत्य, एकता और समानता पर आधारित बापू का जीवन व आदर्श देशवासियों को सदा प्रेरित करते रहेगे।

जयंती–2

इस बीच राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी 120वीं जयंती पर श्रद्धाजंलि अर्पित कर रहा है। प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष व कई केंद्रीय मंत्रियों सहित विपक्ष के नेता ने विजयघाट स्थित लाल बहादुर शास्त्री की समाधी पर पुष्पांजली अर्पित की। एक संदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने अपना जीवन जवानों, किसानों और देश के आत्म सम्मान के लिए समर्पित किया।

इधर प्रदेश में भी महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कई श्रद्धांजली कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला के रिज मैदान पर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की। शिमला स्थित कांग्रेस मुख्याल राजीव भवन में भी एक श्रद्धांजली कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित पार्टी के अन्य नेता भी भाग लेंगे।

प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम स्वच्छता के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण जन–आंदोलन स्वच्छ भारत मिशन के शुभारंभ के दस वर्ष पूरे होने को दर्शाएगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री 9 हजार 6 सौ करोड़ रुपये की लागत की साफ–सफाई और स्वच्छता से संबंधित कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इस बीच देशभर में आज गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन होगा, जो 17 सितंबर से शुरू हुआ था। इस दौरान देशभर में 24 लाख से अधिक स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसके तहत 20 करोड़ से अधिक लोगों ने इस अभियान में भाग लिया। स्वच्छता ही सेवा अभियान में देशभर की राज्यसरकारों, स्थानीय अधिकारियों और सामुदायिक समूहों की सकिय भागीदारी देखी गई।

ग्राम सभा

प्रदेश की 3 हजार 6 सौ 15 पंचायतों में आज विशेष ग्राम सभाएं आयोजित होगी। इन विशेष ग्राम सभाओं में पंचायत के सभी प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। ग्राम सभा में अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस समर्थ, वॉटरशैड, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, स्वच्छता पखवाड़ा नशा मुक्ति अभियान जैसे करीब 9 मुख्य ऐजेंडे तय किए गए हैं।

नवरात्र

कल से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्रों को लेकर प्रदेश के सभी शक्तिपीठों और प्रसिद्ध मंदिरों को सुनहरे ढंग से सजाया गया है। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की गई है।

अब सुर्खिया समाचार पत्रों से

अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल में न्यूनतम दिहाड़ी 4 सौ रूपए, अधिसूचना जारी एक अप्रैल से मिलेगा लाभ। दिव्य हिमाचल के शब्द है–हिमाचल में अब 4 सौ रूपए दिहाड़ी–5 सौ 83 रूपए तक मेहनताना अधिसूचना जारी। दैनिक जागरण का शीर्षक है–सभी श्रेणी के श्रमिकों की मजदूरी 25 रूपए बढ़ी। बिजली उपभोक्ताओं से जुडी खबर पर पंजाब केसरी की सुर्खी है–प्रति

यूनिट उपभोक्ताओं को देने होंगे 6 रूपए 25 पैसे। आपका फैसला का शीर्षक है—अब गांव में भी आएंगे पानी के बिल, बिजली भी हो गई महंगी।

दैनिक भास्कर की एक खबर है—फूड सेफ्टी ऑफिसर के 8 पद खाली, 7 जिलों में सैंपल टैस्टिंग मोबाईल वैन का स्टॉफ ही नहीं कैसे होगी जनता के स्वास्थ्य की देखभाल।